महत्वपूर्ण/गो संरक्षण

संख्या-2007/सैंतीस-2-2024-30(1)/2024

प्रेषक,

के0 रविन्द्र नायक,
प्रमुख सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन

सेवा में,

1- निदेशक,
प्रशासन एंव विकास,
पशुपालन विभाग, उ0प्र. लखनऊ।

2- समस्त मण्डलीय अपर निदेशक ग्रेड-2,
पशुपालन विभाग, उत्तर प्रदेश।

3- समस्त मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी,
पशुपालन विभाग, उत्तर प्रदेश।

पशुधन अनुभाग-2 लखनऊ :: दिनांक 20 सितम्बर, 2024

विषयः- Mobile Veterinary Units (MVU) के माध्यम से अभियान चलाकर गो आश्रय स्थलों पर संरक्षित गोवंशों के स्वास्थ्य परीक्षण के संबंध में।

महोदय,

आप अवगत हैं कि निराश्रित गोवंश का संरक्षण, भरण-पोषण एवं स्वास्थ्य परीक्षण तथा उपचार हेतु सरकार कटिबद्ध है। इस हेतु समय-समय पर विस्तृत दिशा-निर्देश निर्गत किये गये हैं। पशुओं के स्वास्थ्य परीक्षण हेतु भारत सरकार की महत्वाकॉक्षी योजना Establishment and Strengthening of Veterinary Hospitals and Dispensaries-(ESVHD) के अंतर्गत प्रदेश में Mobile Veterinary Units (MVUs) का संचालन कर आकस्मिक पशु चिकित्सा सेवाओं को टोल फ्री नम्बर 1962 के माध्यम से पशुपालकों के द्वार पर उपलब्ध कराया जा रहा है। जनप्रतिनिधि, समाचार पत्र एवं अन्य माध्यमों से शासन के संज्ञान में आया है कि गो आश्रय स्थलों में संरक्षित गोवंशों का उचित स्वास्थ्य परीक्षण न होने के कारण, पशुओं के स्वास्थ्य में गिरावट देखी जा रही है।

2- अतएव सम्यक विचारोपरान्त, गो आश्रय स्थलों पर संरक्षित गोवंशों के स्वास्थ्य परीक्षण हेतु मोबाइल वेटरिनरी यूनिट के माध्यम से निम्नानुसार कार्यवाही किये जाने का निर्णय लिया गया है:-

(1) जनपद के प्रत्येक स्थायी/अस्थायी गो आश्रय स्थलों पर मोबाइल वेटरिनरी यूनिट के माध्यम से संरक्षित गोवंशों का स्वास्थ्य परीक्षण एवं आवश्यक उपचार संबंधित पशु चिकित्सा अधिकारी के पर्यवक्षेण में सुनिश्चित कराया जाय।

(2) मोबाइल वेटरिनरी यूनिट के माध्यम से प्रदेश के समस्त गो आश्रय स्थलों में संरक्षित गोवंश का स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपचार संबंधित अपर निदेशक ग्रेड-2 एवं मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी के पर्यवेक्षण में शतप्रतिशत सुनिश्चित कराया जाय।

(3) जनपद के समस्त गो आश्रय स्थलों पर संरक्षित गोवंशों का स्वास्थ्य परीक्षण एवं 05 कार्य दिवस के भीतर सुनिश्चित कराते हुये, स्वास्थ्य परीक्षण एवं गो आश्रय स्थल के फोटोग्राफ सहित रिपोर्ट निदेशक, प्रशासन एवं विकास, पशुपालन विभाग, उ0प्र0, लखनऊ को ई-मेल आई0डी0 jdgoshala.up@gmail.com पर उपलब्ध काराई जाय।

3- इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया उपर्युक्तानुसार आवश्यक कार्यवाही शीर्ष प्राथमिकता पर सुनिश्चित कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

Signed by
"RAVINDER NAIK KHATRAVATH"
Date: 20[illegible]23
(रवीन्द्र नायक)
प्रमुख सचिव।

<u>संख्या-2007(1)/सैंतीस-2-2024-तद्दिनांक।</u>

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1- वरिष्ठ स्टाफ आफिसर, मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन।
2- विशेष कार्याधिकारी, कृषि उत्पादन आयुक्त, उ0प्र0, शासन।
3- अपर मुख्य सचिव, पंचायतीराज विभाग, उत्तर प्रदेश शासन।
4- अपर मुख्य सचिव, नगर विकास विभाग, उत्तर प्रदेश शासन।
5- समस्त मण्डलायुक्त, उत्तर प्रदेश।
6- समस्त जिलाधिकारी, उत्तर प्रदेश।
7- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(देवेन्द्र कुमार पाण्डेय)
विशेष सचिव।